EVLQSG

# पाठ-8

# उत्तर प्रदेश: अर्थव्यवस्था एवं मानव संसाधन

उत्तर प्रदेश भारत का एक महत्वपूर्ण राज्य है। उत्तर प्रदेश का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का 7.33 प्रतिशत है। इस दृष्टि से राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों के बाद इसका चैथा स्थान है। जनसंख्या की दृष्टि से यह भारत का अग्रणी राज्य है। यहाँ भारत की कुल जनसंख्या की 16.5 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है। हमारे प्रदेश का भारत की अर्थव्यवस्था में भी प्रमुख योगदान है। हम भारत की कृषि, सिंचाई, खनिज, उद्योग, परिवहन, संचार एवं जनसंख्या की जानकारी प्राप्त कर चुके हैं। आइए, इस सन्दर्भ में उत्तर प्रदेश की स्थिति की जानकारी करें-

## कृषि

उत्तर प्रदेश राज्य का अधिकांश भाग मैदानी है, जो उपजाऊ जलोढ़ मिट्टी से बना है। तराई क्षेत्र की समतल, नम और दलदली मिट्टी भी कृषि हेतु महत्वपूर्ण है। उचित सिंचाई एवं उर्वरकों के प्रयोग द्वारा दक्षिण के पठारी भाग में भी दलहनी फसलों की अच्छी पैदावार होती है। हमारे प्रदेश की जलवायु मानसूनी है। यहाँ की अनुकूल भौगोलिक संरचना एवं जलवायु के कारण हमारा प्रदेश कृषि एवं पशुपालन की दृष्टि से एक सम्पन्न राज्य है।

उत्तर प्रदेश में रबी, खरीफ एवं जायद तीनों प्रकार की फसलें प्राप्त की जाती हैं। खरीफ की फसल के अन्तर्गत चावल, मक्का, ज्वार, बाजरा, जूट, सनई, मूँगफली, कपास, गन्ना, तिल, अरहर आदि। रबी की फसल के अन्तर्गत गेहूँ, जौ, चना, मटर, सरसों, आलू, तम्बाकू आदि। जायद की

फसल के अन्तर्गत ककड़ी, खीरा, तरबूज, खरबूज, लौकी आदि फसलें प्राप्त की जाती हैं। गन्ना इस राज्य की प्रमुख नकदी फसल है।

कुल खाद्यान्न उत्पादन की दृष्टि से अन्य राज्यों की तुलना में उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान है। गेहँू, गन्ना, आलू, आम व आँवला उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश अग्रणी है। दुग्ध उत्पादन में भी प्रदेश  सर्वोच्च स्थान पर है।

**सिंचाई**

उत्तर प्रदेश की कुल कृषि भूमि का लगभग तीन चैथाई से अधिक क्षेत्र सिंचित है। यहाँ सिंचाई के प्रमुख साधन नलकूप, नहर, कुआँ, तालाब, झील आदि हैं। कुल सिंचित भूमि का सर्वाधिक भाग नलकूपों द्वारा सिंचित है। उत्तर प्रदेश में नहर सिंचाई की भूमिका भी महत्त्वपूर्ण है। प्रदेश की प्रमुख नहरें शारदा नहर, ऊपरी गंगा नहर, निचली गंगा नहर आदि हैं। शारदा नहर प्रदेश की सबसे लम्बी नहर है।

खनिज

ुुुुप्रदेश खनिज सम्पदा की दृष्टि से अधिक सम्पन्न नहीं है, किन्तु प्रदेश के दक्षिण के पठारी भाग में चूना पत्थर, डोलोमाइट, काँच, बालू, कोयला, बॉक्साइट, जिप्सम, संगमरमर, यूरेनियम जैसे खनिज पाए जाते हैं। इन खनिजों का विवरण निम्नवत है-

| | | |
|---|---|---|
| चूना पत्थर | - | मीरजापुर, सोनभद्र |
| डोलोमाइट | - | मीरजापुर, सोनभद्र, बाँदा |
| काँच बालू | - | इलाहाबाद, बाँदा |
| बॉक्साइट | - | चित्रकूट |
| कोयला | - | सिंगरौली (सोनभद्र) |
| जिप्सम | - | झाँसी, हमीरपुर मीरजापुर |
| संगमरमर | - | मिर्जापुर, सोनभद्र |

इसके अतिरिक्त ललितपुर जनपद में यूरेनियम की खोज की गई है।

**उद्योग**

औद्योगिक दृष्टि से उत्तर प्रदेश राज्य मध्यम श्रेणी का राज्य है। प्रदेश में कृषि आधारित उद्योग

जैसे सूती वस्त्र, हथकरघा, चीनी उद्योग, आदि विकसित हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में वनस्पति तेल, सीमेण्ट, चमड़ा उद्योग भी अपनी भूमिका निभाते हैं। आइए, प्रदेश के कुछ औद्योगिक केन्द्रों को जानें-

सूती वस्त्र उद्योग - कानपुर, वाराणसी।

कालीन उद्योग - भदोही।

सीमेण्ट उद्योग - चुर्क, डाला।

इलेक्ट्रॉनिक उद्योग - नोएडा, लखनऊ।

चमड़ा उद्योग - कानपुर, आगरा।

वनस्पति तेल उद्योग - कानपुर, मोदी नगर, मेरठ।

खेल का सामान - मेरठ।

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 1981 में उद्योग बन्धु योजना की शुरुआत की गई।इसके पहले 1976 में प्रदेश के प्रथम औद्योगिक विकास प्राधिकरण के रूप में नोएडा (New Okhla Industrail Development Authority-NOIDA) की स्थापना की गई। इसके बाद प्रदेश में कई अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरणों जैसे-जौनपुर में सीडा (Sataharia Industrail Development Authority-SIDA), गोरखपुर में गीडा(Gorakhpur Industrail Development Authority-GIDA) भदोही में **(Bhadohi Industrail Development Authority-BIDA)** आदि की स्थापना की गई।




## जनसंख्या एवं नगरीकरण

जनगणना 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश कुल जनसंख्या लगभग 19.98 करोड़ है। इनमें 52.29 प्रतिशत पुरुष एवं 47.71 प्रतिशत महिलाएँ हैं। सम्पूर्ण विश्व में केवल 4 देश ही ऐसे हैं, जिनकी जनसंख्या उत्तर प्रदेश से अधिक है। ये देश चीन, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं इण्डोनेशिया हैं। आइए, भारत और उत्तर प्रदेश राज्य के कुछ जनसंख्या सम्बन्धी आँकड़ों को तुलनात्मक रूप से देखते हैं-

| जनसंख्या के घटक | भारत | उत्तर प्रदेश |
|---|---|---|
| दशकीय वृद्धि दर | 17.7% | 20.22% |
| जनसंख्या घनत्व | 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी | 828 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी |
| साक्षरता (कुल) | 73.0% | 67.7% |
| साक्षरता (पुरुष) | 80.9% | 77.3% |
| साक्षरता (महिला) | 64.7% | 57.2% |
| लिंगानुपात | 943 | 912 |
| नगरीय जनसंख्या | 31.16% | 22.3% |

## अभ्यास

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) उत्तर प्रदेश कृषि एवं पशुपालन की दृष्टि से एक सम्पन्न राज्य क्यों है ?

(ख) उत्तर प्रदेश में सिंचाई का प्रमुख साधन कौन सा है ?

(ग) किन-किन देशों की जनसंख्या उत्तर प्रदेश से अधिक है ?

(घ) उत्तर प्रदेश राज्य की नकदी फसल कौन सी है ?

(ङ) उत्तर प्रदेश के किस भाग में खनिज मिलते हैं ?

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

(क) उत्तर प्रदेश में भारत की कुल जनसंख्या का ..................... प्रतिशत निवास करता है।

(ख) .उत्तर प्रदेश में खेल के सामान का उद्योग ..................................... जनपद में है।

(ग) उत्तर प्रदेश में बॉक्साइट ..................................... जनपद में पाया जाता है।

(घ) उद्योग बन्धु योजना का आरम्भ ............................... वर्ष में हुआ।

**3. निम्नलिखित के सही जोड़े मिलाइए-**

| | |
|---|---|
| नोएडा | गोरखपुर |
| गीडा | गौतम बुद्ध नगर |
| सीडा | भदोही |
| बीडा | जौनपुर |

## भौगोलिक कुशलताएँ-

- उत्तर प्रदेश के रिक्त मानचित्र पर प्रदेश के खनिज उत्पादन के क्षेत्रों को छायांकित कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

- उत्तर प्रदेश के पाँच प्रमुख उद्योगों के नाम और उनके मुख्य केन्द्रों को चार्ट बनाकर प्रदर्शित कीजिए।

*शिक्षक, उत्तर प्रदेश एवं भारत के विभिन्न जनसंख्या घटकों की तुलना करते हुए अपने प्रदेश की जनसंख्या समस्या के प्रति जागरूकता उत्पन्न करें। साथ ही साथ अपने प्रदेश में लिंगानुपात की समस्या के समाधान एवं बालिका शिक्षा के प्रति प्रेरित कीजिए।*